# कार्यालय : वन प्रमण्डल पदाधिकारी, धनबाद वन प्रमण्डल।

(मिश्रित भवन, लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद)

☎ 0326-2313385
9471192101, 8987790305

Email– dfodhanbad@gmail.com
dfo-dhanbad@gov.in


पत्रांक :– 3140 दिनांक :– 13.12.2024

सेवा में,

परियोजना पदाधिकारी,
बस्ताकोला क्षेत्र संख्या– IX,
भारत कोकिंग कोल लिमिटेड,
धनबाद।

विषय :– BCCL के कुईया कोलियरी हेतु मौजा– बेरा में कुल रकवा– 16.49 हे0 वन भूमि अपयोजन प्रस्ताव में पड़ने वाले वृक्षों की मापी सूची के सत्यापन के संबंध में।

प्रसंग :– आपका पत्रांक 859 दिनांक 26.10.2024 एवं वन क्षेत्र पदाधिकारी, शहरी वानिकी प्रक्षेत्र, धनबाद का पत्रांक 1164 दिनांक 07.12.2024

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रसंगाधीन पत्र के संबंध में सूचित करना है कि BCCL के बस्ताकोला क्षेत्र अन्तर्गत कुईया कोलियरी हेतु मौजा– बेरा में कुल रकवा– 16.49 हे0 वन भूमि अपयोजन प्रस्ताव में भारत सरकार, वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा 21 बिन्दुओं पर किये गये पृच्छा के क्रम में आपके द्वारा प्रासंगिक पत्र के माध्यम से वृक्षों की गणना सूची समर्पित की गई थी। जिसका स्थलीय जाँच हेतु इस कार्यालय के पत्रांक 2875 दिनांक 13.11.2024 द्वारा वन क्षेत्र पदाधिकारी, शहरी वानिकी प्रक्षेत्र, धनबाद को निर्देश दिया गया था। उनके द्वारा स्थलीय जॉचोपरान्त सूचित किया गया है कि आवेदित मापी सूची के ईद गिर्द असंख्य Transplant योग्य वृक्ष पाये गये है, जिसका जिक्र मापी सूची में नहीं है एवं अधिकतर वृक्षों में Numbering नहीं पाया गया है। (छायाप्रति संलग्न)

अतः निदेश है कि उपरोक्त वर्णित त्रुटियों का निराकरण कर संशोधित अनुपालन प्रतिवेदन इस कार्यालय में समर्पित करना सुनिश्चित करें, ताकि इस संबंध में अग्रेत्तर कार्रवाई की जा सके।

विश्वासभाजन

Vikas
13/12/24

वन प्रमण्डल पदाधिकारी,
धनबाद।

अनु0–यथोक्त।

Pandey 13-12-24

"Desktop:\Arvind Pnadey\Letter2024

कार्यालय : वन क्षेत्र पदाधिकारी शहरी वानिकी प्रक्षेत्र, धनबाद ।
Mobile No :8987790311 Email Id : rfodhanbad@gmail.com

पत्रांक : 1164 धनबाद/दिनांक : 07.12.2024

सेवा में,

वन प्रमण्डल पदाधिकारी,
धनबाद वन प्रमण्डल, धनबाद।

विषय :— बी0सी0सी0एल0 के कुईया कोलियरी हेतू मौजा—बेरा में कुल रकवा—16.49 हे0 वनभूमि अपयोजन प्रस्ताव में पड़ने वाले वृक्षों की मापी सूची के सत्यापन के संबंध में।

07.12.2024

प्रसंग :— प्रमण्डलीय कार्यालय का पत्रांक—2875 दिनांक—13.11.2024।

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रसंगाधीन पत्र के संबंध में सादर सूचित करना है कि श्री यमुना कुमार बर्मन, प्रभारी वनपाल धनबाद के द्वारा अद्योहस्ताक्षरी एवं बी0सी0सी0एल0 कुईया कोलियरी के पदाधिकारी के उपस्थिति में विषयक स्थल में अवस्थित वृक्षों का स्थलीय जाँच किया गया। जाँचोपरान्त पाया गया कि आवेदित मापी सूची के ईद गिर्द असंख्य Transplant योग्य वृक्ष पाये गये। जिसका जिक्र मापी सूची में नहीं है। अधिकत्तर वृक्षों में Numbering नहीं थे।

बी0सी0सी0एल0 कुईया कोलियरी प्रबंधक को त्रुटि सुधार कर पुनः मापी सूची समर्पित करने का निर्देश दिया गया है।

आवश्यक कार्यार्थ सूचना समर्पित।

अनु0—प्रभारी वनपाल का जाँच प्रतिवेदन।

आपका विश्वासी

वन क्षेत्र पदाधिकारी
शहरी वानिकी प्रक्षेत्र, धनबाद।

DIVISIONAL FOREST OFFICER DHANBAD DIVISION
Receipt No. 4512
Dated 09.12.24

05.12.2024 सेवा मे

श्रीमान वन क्षेत्र पदाधिकारी
शहरी वानिकी प्रक्षेत्र
धनबाद।

विषय - BCCL के कुईया कोलियरी हेतु मौजा- बेरा में कुल रकवा 16.49 हे० वनभूमि अपयोजन प्रस्ताव में पड़ने वाले वृक्षों की मापी सूची के सत्यापन के संबंध में।

प्रसंग - प्रमंडलीय कार्यालय पत्रांक - 2875, दि० 13.11.2024

महाशय,

उपरोक्त विषयक प्रासंगिक पत्र के संबंध में सूचित करना है कि प्रासंगिक पत्र द्वारा दिए निदेश के आलोक में श्रीमान के साथ, BCCL कुईया कोलियरी के पदाधिकारियों की उपस्थिति में मौजा- बेड़ा में कुल रकवा 16.49 हे० वन भूमि अपयोजन प्रस्ताव में पड़ने वाले वृक्षों का आंशिक जाँच किया। उक्त जाँचोपरांत पाया कि सूची में वर्णित वृक्षों के इर्द गिर्द असंख्य Transplant योग्य वृक्षों का जिक्र सूची में नहीं है। बी०सी०सी०एल० कुईया कोलियरी प्रबंधन द्वारा बताया गया कि शीघ्र ही सभी वृक्षों की गणना का संशोधित सूची समर्पित कर दी जाएगी।

सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु समर्पित।

आपका विश्वासी

(signature)
05.12.2024
I/c B.O
Dhanbad